नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**
No. of Printed Pages – **4**

V-103 (Supp.)

लेवल – चतुर्थ

विषय – स्वास्थ्य देखभाल

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा – XII) पूरक परीक्षा, 2020

समय : 2 घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 30**

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) सभी प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में निर्धारित शब्द-सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या **1** से **10** तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर-पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या **11** से **30** तक के उत्तर रिक्त स्थानों की पूर्ति कर उत्तर-पुस्तिका में तालिका बनाकर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या **31** से **36** तक के उत्तर **4** से **6** पंक्तियों में लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या **37** एवं **38** के उत्तर दो पृष्ठ तक लिखें ।

Downloaded from www.cclchapter.com

खण्ड – अ (10 × ½ = 5)

सही विकल्प चुनें :

1. 12 से 18 वर्ष की आयु सीमा कहलाती है – (½)
   (अ) शिशु (ब) नन्हा बच्चा (टोडलर)
   (स) किशोरावस्था (द) युवा वयस्क

2. शरीर का सामान्य तापमान होता है – (½)
   (अ) 95.6 °F (ब) 98.6 °F
   (स) 102 °F (द) 104 °F

3. घरेलू प्रकार का अपशिष्ट कहलाता है – (½)
   (अ) रासायनिक अपशिष्ट (ब) संक्रमित अपशिष्ट
   (स) सामान्य अपशिष्ट (द) रेडियो–सक्रिय अपशिष्ट

4. संक्रमित अपशिष्ट (तीक्ष्ण वस्तुएँ न हो) को कौन से थैले में रखा जाता है ? (½)
   (अ) काला (ब) पीला
   (स) लाल (द) नीला

5. दहन क्रिया से उत्पन्न राख को कौन से थैले में रखा जाता है ? (½)
   (अ) काला (ब) पीला
   (स) लाल (द) नीला

6. सामान्य ऑपरेशन के कितने दिनों पश्चात् टाँके निकाले जाते हैं ? (½)
   (अ) 7 दिन (ब) 14 दिन
   (स) 21 दिन (द) 28 दिन

7. आग लगने का सामान्य कारण है (½)
   (अ) मुक्त ज्वाला (ब) विद्युतीय
   (स) पाक क्रिया (द) उपरोक्त सभी

8. तनाव से कौन सी स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न हो सकती है ? (½)
   (अ) उच्च रक्तचाप (ब) हृदयाघात
   (स) थकान (द) उपरोक्त सभी

9. तनाव को दूर करने का तरीका है (½)
   (अ) पौष्टिक भोजन (ब) शारीरिक व्यायाम
   (स) पर्याप्त विश्राम एवं निद्रा (द) उपरोक्त सभी

Downloaded from www.cclchapter.com

10. जीवन में सफल होने का प्रमुख कौशल है (½)
    (अ) स्व-प्रबन्धन (ब) गृह-प्रबन्धन
    (स) जल-प्रबन्धन (द) खाद्य-प्रबन्धन

खण्ड – ब

रिक्त स्थानों की पूर्ति करें : **(20 × ½ = 10)**

11. रोगी के रिकार्ड में प्रत्येक प्रविष्टि के पश्चात् _________ किया जाना चाहिए। (½)

12. गन्दे नाखून से _________ फैलता है। (½)

13. लम्बे समय तक एक ही स्थिति में लेटे रहने के कारण _________ होने की सम्भावना होती है। (½)

14. जैसे-जैसे मानव शरीर वृद्ध होता है, इसकी _________ कम हो जाती है। (½)

15. जैव-चिकित्सकीय अपशिष्ट को अन्य अपशिष्टों के साथ _________ नहीं किया जाना चाहिए। (½)

16. मानवीय शारीरिकी, रक्त तथा शरीर तरल को _________ निस्तारित किया जाता है। (½)

17. ऐसे जैव-चिकित्सकीय अपशिष्ट जो रोग फैला सकते हैं, _________ अपशिष्ट कहलाते हैं। (½)

18. केवल प्लास्टिक के _________ थैलों में संग्रहीत सामान्य अपशिष्ट को म्युनिसिपैलिटी के वाहनों द्वारा परिवहित किया जाता है। (½)

19. ऑपरेशन क्रिया के लिए रोगी तथा उसके सम्बन्धियों से एक लिखित _________ प्राप्त की जाती है। (½)

20. रोगी को ऑपरेशन थिएटर में ले जाने से पूर्व रोगी की कलाई पर एक _________ चिपका दिया जाता है। (½)

21. जब मूत्र त्याग के लिए सभी उपाय निष्फल हो जाते हैं तो मूत्राशय को _________ किया जाता है। (½)

22. रक्तदाबमापी यंत्र का उपयोग _________ मापने के लिए किया जाता है। (½)

Downloaded from www.cclchapter.com

23. ओ.टी. स्टॉफ ________ तकनीक में पूर्ण रूप से प्रशिक्षित होना चाहिए । **(½)**

24. सर्जरी के 1 से 2 दिन तक ________ का अनुभव होता है । **(½)**

25. आपदा प्रबन्धन का एक लक्ष्य इसके शिकार लोगों की उचित ________ सुनिश्चित करना है । **(½)**

26. लक्ष्य हमेशा ________ होना चाहिए । **(½)**

27. समय प्रबन्धन एक महत्वपूर्ण ________ है । **(½)**

28. अपने जीवन में तनाव के कारणों की पहचान करना तथा उनसे निपटने के समुचित उपायों को सीखना ही ________ से पार पाने की कुंजी है । **(½)**

29. तनाव से शारीरिक हानि तथा ________ उत्पन्न होती है । **(½)**

30. हमें अपने ________ पर ध्यान केन्द्रित करना चाहिए न कि परिणामों पर । **(½)**

खण्ड – स

चार से छः पंक्तियों में उत्तर दीजिये : **(6 × 1½ = 9)**

31. चिकित्सा-रिकार्ड अनुरक्षित करने में जी.डी.ए. की भूमिका लिखिए । **(1½)**

32. बुजुर्गों की त्वचा की देखभाल आप किस प्रकार करोगे ? लिखिए । **(1½)**

33. संक्रमण फैलने की विधियों को सूचीबद्ध कीजिए । **(1½)**

34. ऑपरेशन थिएटर में सामान्यत: उपस्थित रहने वाले सदस्यों की सूची बनाइए । **(1½)**

35. आपदा प्रबन्धन के चरण लिखिए । **(1½)**

36. अग्नि के निरोधात्मक उपायों का उल्लेख कीजिए । **(1½)**

खण्ड – द

दो पृष्ठों में उत्तर दीजिये : **(2 × 3 = 6)**

37. व्यक्तियों में वृद्धावस्था से सम्बन्धित होने वाले शारीरिक परिवर्तनों को विस्तार से लिखिए । **(3)**

38. विभिन्न आपदाओं की सूची बनाइए । आपदा प्रबन्धन के चरणों को विस्तार से समझाइए । **(3)**

Downloaded from www.cclchapter.com